प्रकाशनार्थ

रक्त का कोई विकल्प नहीं, रक्तदान महादान

गोरखपुर 28 मार्च पूर्वी उत्तर प्रदेश के ख्यातिलब्ध समाजसेवी व राजनेता (स्व.) डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में उनके चौथी पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर पूर्वांचल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान व डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरक्षनाथ हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में किया गया ।

नवरात्र के बावजूद उनके चाहने वालों व युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम प्रसिद्ध फिजिशियन एमडी डॉक्टर मेजर अमित कुमार श्रीवास्तव ने अपने भाई इंजीनियर रजनीश जी के साथ रक्तदान कर शुरुआत की उन्होंने सभी से अपील की कि रक्तदाता शिरोमणि आपके द्वारा जरूरतमंदों द्वारा समय-समय पर रक्तदान करते रहना आपके सामाजिक एवं मानवीय उत्तर दायित्व है रक्त का कोई विकल्प नहीं होता रक्त का विकल्प रक्त है अतः सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कहा कि आज जिस शख्स के लिए रक्तदान शिविर लगा है वह स्वयं में समाज सेवा के शिरोमणि रहे हैं अशोक जी सभी लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे वह हम सभी के वह पूरे पूर्वांचल के लिए गौरव थे

डॉ मनोज कुमार ने कहा कि हम सबके प्रेरणा के स्रोत बड़े भाई डॉ अशोक जी के प्रेरणा से ही हम सभी इस रक्तदान शिविर का आयोजन कर पाए हैं।

सभी के प्रति आभार सामाजिक सेवक मंजीत कुमार सप्पू बाबू व् धन्यवाद ई. अनुभव श्रीवास्तव ने किया ।

आज इस रक्तदान में ब्लड बैंक टीम के अलावा सर्वश्री रंजीत कुमार श्रीवास्तव प्रसिद्ध रेलवे एक्टिविस्ट ,इंजीनियर ए के मिश्रा संदीप श्रीवास्तव अरविंद श्रीवास्तव ,सुनील चौधरी शिवम अग्रवाल , इंजीनियर अनुभव कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कांत चौधरी, आनंद श्रीवास्तव मुकेश सिंह, दुर्गेश तिवारी, रामनिवास यादव, विनय दुबे सहित भारी संख्या में लगभग 25 लोगों ने रक्तदान किया।